# Himachal Pradesh Board of School Education, Dharamshala

क्रमांकः हि0शि0बो0(31)HPSOS 8th & 10th/लैटर सैट/मार्च 2024/15683-15999 दिनांकः- 21-05-2024

## अधिसूचना

अधिसूचित किया जाता है कि हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड द्वारा हि० प्र० राज्य मुक्त विद्यालय (HP SOS) के अंतर्गत मार्च 2024 में संचालित करवाई गई आठवीं और दसवीं कक्षा की वार्षिक परीक्षा का परीक्षा परिणाम आज दिनांक 21-05-2024 को घोषित कर दिया गया है। कक्षावार/परीक्षावार परीक्षार्थियों का विवरण निम्न अनुसार से है:-

| Class | Total Cand. | Pass | Fail | Re appear | RLE | RLF | RLD | PRS | PRC | Pass % age. |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8th | 401 | 276 | 0 | 82 | 41 | 0 | 2 | 0 | 0 | 68.83 |
| 10th | 4208 | 2357 | 20 | 1638 | 151 | 0 | 39 | 3 | 0 | 56.01 |

पुनर्मूल्यांकन/पुनर्निरीक्षण के लिए इच्छुक परीक्षार्थी केवल अपने सम्बंधित राज्य मुक्त विद्यालय अध्ययन केन्द्र के माध्यम से ऑनलाइन प्रकिया द्वारा दिनांक 05–06–2024 तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। पुनर्मूल्यांकन के लिए ₹ 500/- प्रति विषय और पुनर्निरीक्षण के लिए ₹ 400/- प्रति विषय शुल्क निर्धारित किया गया है। आठवीं कक्षा के तहत पुनर्मूल्यांकन का प्रावधान नहीं है।

आठवीं, दसवीं और जमा दो कक्षा के परीक्षार्थी जिनका परीक्षा परिणाम री अपीयर घोषित हुआ है या श्रेणी सुधार की परीक्षा देना चाहते हैं ऐसे परीक्षार्थी आगामी परीक्षा सत्र सितम्बर 2024 में आयोजित होने वाली परीक्षा हेतु निम्न तिथियों के अनुसार राज्य मुक्त विद्यालय अध्ययन केन्द्र के माध्यम से केवल ऑनलाइन प्रकिया द्वारा आवेदन कर सकते हैं:-

| Appearing Types | Dates |
|---|---|
| ➢ Re appear &<br>➢ Improvement of Performance ( within 1 year) | Without late fee<br>25 – 05 – 2024 **to** 29 – 06 – 2024 |

हिमाचल प्रदेश राज्य मुक्त विद्यालय के अन्तर्गत उतीर्ण घोषित हुए परीक्षार्थियों की सुविधा के उदेश्य से उतीर्ण प्रमाण पत्र की प्रति DigiLocker पर भी उपलब्ध करवाई जा रही है।

उक्त के अलावा यह भी सूचित किया जाता है दसवीं और जमा दो कक्षा के नियमित परीक्षार्थी जिनका परीक्षा परिणाम कम्पार्टमैंट घोषित हुआ है यदि ऐसे परीक्षार्थी अपनी इच्छानुसार राज्य मुक्त विद्यालय के माध्यम से परीक्षा देना चाहते हैं तो उन्हें सम्बन्धित प्रधानाचार्य से अनापत्ति प्रमाण पत्र प्राप्त कर राज्य मुक्त विद्यालय के अध्ययन केन्द्र में जमा करवाना अनिवार्य होगा। प्राप्त अनापत्ति प्रमाण पत्र को सम्बन्धित अध्ययन केन्द्र के प्रभारी प्रत्येक परीक्षार्थी के ऑनलाइन आवेदन पत्र के साथ अपलोड़ करें।

इसके अतिरिक्त परीक्षार्थियों की सुविधा के लिए बोर्ड कार्यालय में कार्य दिवस के दौरान कक्षा आठवीं और दसवीं के लिए दूरभाष संख्या 01892-242199 पर सुबह 10:00 बजे से सायं 5:00 बजे तक परीक्षा परिणाम से सम्बन्धित जानकारी प्राप्त की जा सकती हैं। परीक्षा परिणाम बोर्ड की वेबसाईट www.hpbose.org पर भी उपलब्ध है।

डा०(मेज़र)विशाल शर्मा, हि०प्र०से०
सचिव

क्रमांकः हि0शि0बो0(31)HPSOS 8th & 10th/लैटर सैट/मार्च 2024/15683-15999 दिनांकः- 21-05-2024

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ प्रेषित है:-

1. कनिष्ठ आशुलिपिका/आशुटंकक, माननीय अध्यक्ष/सचिव, हि० प्र० स्कूल शिक्षा बोर्ड धर्मशाला।
2. अतिरिक्त सचिव/समस्त उप-सचिव/सहायक सचिव हि०प्र०स्कूल शिक्षा बोर्ड धर्मशाला।
3. हि0 प्र0 राज्य मुक्त विद्यालय के अध्ययन केन्द्रों में तैनात समस्त समन्वयकों को उपरोक्त वर्णित अनुसार आगामी कार्यवाही करने हेतु।
4. अनुभाग अधिकारी आई० टी० सैल को अधिसूचना बोर्ड की वेबसाईट पर अपलोड करवाने, आवेदन पत्र के साथ अनापत्ति प्रमाण पत्र अपलोड करने से सम्बधित उचित कार्यवाही करने उपरांत Online Application को उपरोक्त तिथियों अनुसार सक्रिय करवाएं।
5. समस्त ज़िला प्रबंधक/प्रभारी पुस्तक वितरण केन्द्र, हि० प्र० स्कूल शिक्षा बोर्ड।
6. प्रभारी, लोक सम्पर्क कार्यालय, हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड धर्मशाला।

डा०(मेज़र)विशाल शर्मा, हि०प्र०से०
सचिव